NEW ERA PUBLIC SCHOOL RAJBAGH
SOLVED ASSIGNMENT OF TERM I

CLASS : 3rd SESSION 2021

SUBJECT : HINDI Pg no 1.

शब्द ज्ञान पाठ-7 प्रदूषण

प्रवेश = अंदर आना , ध्वनि = आवाज़ , प्रदूषण = दूषित होना , मस्तिष्क = दिमाग , उर्वरकता = उपजाऊ, सावधानी = ध्यानपूर्वक , कीटनाशक = कीड़े मारने की दवाई , हानिकारक = नुकसानदायक ।

मौखिक (उत्तर)

1. प्रदूषण का अभिप्राय वातावरण में हानिकारक तत्वों का होना है जो कि हमारी सेहत के लिए हानिकारक होते हैं।

2. प्रदूषण चार प्रकार का होता है ।

लिखित : (उत्तर)

क, गाड़ियों के धुएँ में कार्बन - डाई-ऑक्साइड गैस होती है जिससे फेफड़ों की बिमारी हो सकती है।

ख, गंदे पानी में कई तरह के हानिकारक पदार्थ मिले होते हैं जिससे फसलों पर बुरा असर पड़ता है।

Scanned with CamScanner

ग, मिट्टी में रासायनिक पदार्थ, प्लास्टिक के बैग और कीटनाशक दवाइयों के मिल जाने से उसकी उर्वरकता कम हो जाती है।

घ, जब टीचर खुद कूड़ा उठा कर कूड़ेदान में डाल रही थी तो ऋषि को अपनी गलती का एहसास हुआ।

2. हाँ' या 'नहीं' पर निशान लगाएँ :-

क, कीटनाशक दवाइयाँ कीड़े पालने के काम आती हैं। हाँ (×) नही (✓)

ख, कारखानों में से निकलने वाला धुआँ वायु को दूषित नहीं करता है। हाँ (×) नही (✓)

ग, प्लास्टिक के टुकड़े मिट्टी की उर्वरकता को नुकसान पहुँचाते हैं। हाँ (✓) नहीं (×)

घ, ध्वनि प्रदूषण से फेफड़ों की बीमारियाँ हो जाती हैं। हाँ (×) नही (✓)

3. निम्नलिखित शब्दों में कुछ कमी रह गई हैं। उन्हें (ं) या (ँ) लगाकर पूरा करें।

| अनुस्वार (ं) | अनुनासिक (ँ) |
| --- | --- |
| अंत, नहीं | कहाँ |
| प्रशंसा | जहाँ |
| बंदर, हिंदी | आँख |
| नहीं, चिमनियां | |
| कंधा | |

# पाठ - 8
# दूत चपंतलाल

## शब्द ज्ञान

तितर - बितर होना = अलग अलग होना
लोट - पोट होना = अत्यधिक प्रसन्न/खुश होना

## मौखिक (उत्तर)

1. दूत चपंत लाल बड़ी मौज मस्ती करता था।
2. चपंत लाल एक गाँव में रहता था।

## लिखित (उत्तर)

क, कीमती लाल ने कहा कि चपंत लाल अब तो सारे दोस्त तुमसे दूर भागने लगे है।

ख, कीमती लाल ने चपंत लाल को पचास रूपए खर्च करने के लिए दिए।

ग, गुलज़ारपुर जाते समय उसे किसी ने बताया कि गुलज़ारपुर लाल गुलजारी लाल ने बसाया है। गुलज़ारपुर मे कोई भूखा न रहे, इसलिए वे खुद अपने हाथ से गरीब लोगों को खाना बांटते थें।

घ, चपंत लाल ने भीड़ में जाकर चिल्लाना शुरू कर दिया, "मैं दूत हूँ" लालाजी से मिलने आया

हूँ। यह सुनते ही भीड़ तीतर-बीतर हो गई।

घ, लाला गुलजारी लाल का अनाज और दालों का कारोबार करते थे।

ङ, चपंत लाल हर ग्राहक को चीज को बड़े मजेदार ढंग से बताता। इससे अनाज और दालों की बिक्री अधिक होने लगी। उसकी इस अच्छी आदत को देख गुलजारी लाल ने चपंत लाल को मैनेजर बना दिया।

## भाषा ज्ञान.

1. किसने कहा, किससे कहा : (उत्तर)

क, चपंत लाल के दोस्त ने कहा।
ख, कीमती लाल ने चपंत लाल से कहा।
ग, चपंत लाल ने खुद से कहा।
घ, चपंत लाल ने गुलजारी लाल से कहा।

2- निम्नलिखित शब्दों के विपरीत शब्द लिखें

1. दोस्त = दुश्मन
2. खुशी = गम
3. हँसना = रोना
4. पास = दूर.

Scanned with CamScanner

# पाठ - 9
## भारत माँ

**भाषा ज्ञान**

जंग = युद्ध , अमन = शांति , संकल्प = पक्का, ज़ुल्म = गलत काम (अत्याचार).

**मौखिक (उत्तर)**

1. कविता बच्चे गा रहे है।
2. कविता में अमन, शांति का और मिल जुल रहना का संदेश दिया है।

**लिखित (उत्तर)**

क, कविता में दुश्मन को सीमा से पार निकालने की बात कि गई है।

ख, बच्चे ज़ोर -ज़ुल्म पर आवाज़ उठाना चाहते हैं।

ग, कविता में शोषण को न्याय दिलवाने की बात कही गई है।

घ, भारत माँ के प्रति हमारा यह कर्तव्य है कि हमें हर हाल में अपनी भारत माता की रक्षा करनी है।.

2. रिक्त स्थानों को पूरा करें : (उत्तर)
1. अमन, शांति 2. शोषण हो, न्याय
3. थे हम न 4. जुल्म

3. निम्नलिखित शब्दों के आगे एक अक्षर जोड़कर नया शब्द बनाएँ :

अ, परा, बे

| | |
|---|---|
| क, मन = अमन | घ, मर = अमर |
| ख, शांति = अशांति | ङ. न्याय = अन्याय |
| ग, दम = बेदम | च, जय = पराजय |

4. निम्नलिखित शब्दों के विपरीत शब्द छाँटकर लिखें : -

अशांति, अन्याय, न्याय, पराजय, असत्य, अनिश्चय

| | |
|---|---|
| क. अमन = अशांति | ग. सत्य = असत्य |
| ख, न्याय = अन्याय | घ शोषण = न्याय |
| ङ., विजय = पराजय | च, निश्चय = अनिश्चय |

— ० —

# पाठ- 10
## धन कमाने का मार्ग

शब्द ज्ञान

विनम्रता = कोमल स्वभाव , कपट = चालाकी ,
कुटिलता = नीचता

मौखिक (उत्तर)

1. गाँव में हर जाति के लोग रहते थे।
2. कुम्हार ने सेठ से कहा, "हमें भी धन कमाने का तरीका बताए।"

लिखित (उत्तर)

क. सेठ ने कुम्हार से कहा धनी बनना आसान नहीं है।

ख. दूसरे दिन सेठ जी कुम्हार के घर गए।

ग. सेठ ने लोगों को इकट्ठा करके कहा कि मैं बहुत दिनों से अपने रुपए माँग रहा हूँ।

घ. सेठ ने घर के बाहर मिट्टी के रुपए लगाने की बात कही क्योंकि वह कुम्हार की मेहनत के रुपए उसे देना चाहता था।

भाषा ज्ञान .(उत्तर)

किसने कहा, किससे कहा।

क, कुम्हार ने सेठ जी से कहा।

ख, सेठ जी ने कुम्हार से कहा।

ग, सेठ न कुम्हार से कहा।

घ, भीड़ में खड़े आदमी ने कहा।

२. निम्नलिखित मुहावरों के अर्थ लिखकर वाक्य बनाएँ।

क, प्राण सूख जाना = डर जाना।
साँप को देख कर मेरे प्राण सूख गए।

ख, सकते में आ जाना = होशियार होना।
पुलिस को देखकर चोर होशियार हो गए।

— o —

# निबंध (हिन्दी व्याकरण)

## गुरु नानक देव जी

गुरु नानक देव जी सिक्खों के पहले गुरु थे। इनका जन्म लाहौर के तलवंडी गाँव में हुआ था। यह गाँव अब ननकाना साहिब कहलाता है। इनके पिता का नाम मेहता कालू और माता का नाम तृप्ता देवी था।

उनका मन बचपन से ही पढ़ाई में नहीं लगता था। वे हमेशा साधु-संतों की सेवा में लगे रहते थे। उनके पिता जी ने तंग आकर उनका विवाह कर दिया।

उनके दो पुत्र थे श्री चंद और लक्ष्मीचंद। लेकिन उनका मन घर-गृहस्थी में नहीं लगता था। घर छोड़ कर वह समाज की कुराइयाँ दूर करने के लिए निकल पड़े। उन्होंने देश विदेश जा कर प्रभु की भक्ति का प्रचार किया। उन्होंने बहुत सारे गुरुद्वारे बनाए। मक्का में भी उन्होंने चमत्कार दिखाए। कई मुसलमान भी उनके शिष्य बन गए। उनका निधन 1538 ई० में हो गया। उनका चलाया सिख धर्म उनकी अपार यादगार है।

2) रेलवे स्टेशन . (Already done in Unit II)

प्रधानाचार्य को बीमारी के कारण अवकाश के लिए प्रार्थना पत्र लिखें।

प्रतिष्ठा में,
श्री प्रधानाचार्य,
न्यू ऐरा पब्लिक स्कूल,
राजबाग, श्रीनगर।
दिनांक ---- 2020

महोदय,

निवेदन है कि मुझे कल रात से तेज बुखार है। डॉक्टर ने तीन दिन तक आराम करने का परामर्श दिया है। इसलिए कृपा करके मुझे तीन दिन का अवकाश प्रदान करें।

सधन्यवाद
आपका आज्ञाकारी शिष्य
क, ख, ग. (कक्षा तीसरी)

Scanned with CamScanner

## विलोम शब्द (1-20)

| | |
|---|---|
| 1. विरोध | समर्थन |
| 2. स्तुति | निंदा |
| 3. नवीन | प्राचीन |
| 4. कीर्ति | अपकीर्ति |
| 5. गुरु | शिष्य |
| 6. जड़ | चेतन |
| 7. कृतज्ञ | कृतघ्न |
| 8. आस्तिक | नास्तिक |
| 9. श्वेत | श्याम |
| 10. निरर्थक | सार्थक |
| 11. जीवन | मृत्यु |
| 12. महात्मा | दुरात्मा |
| 13. सुगंध | दुर्गंध |
| 14. यश | अपयश |
| 15. बंधन | मुक्ति |
| 16. शांति | अशांति |
| 17. सुमति | कुमति |
| 18. जय | पराजय |
| 19. बुराई | भलाई |
| 20. रुग्ण | स्वस्थ |

## पर्यायवाची शब्द :- (1-8)

| | |
|---|---|
| 1. सोना | कंचन, कनक, स्वर्ण, हेम। |
| 2. वसंत | मधुऋतु, ऋतुपति, ऋतुराज। |
| 3. तालाब | जलाशय, ताल, तड़ाग, सरोवर। |

Scanned with CamScanner

| | |
|---|---|
| 4. अश्व | घोड़ा, बाजि, हय, तुरंग। |
| 5. बादल | मेघ, घन, नीरद, जलद। |
| 6. दुग्ध | गोरस, पय, दुग्ध, क्षीर। |
| 7. जल | पानी, नीर, वारि, सलिल। |
| 8. पक्षी | विहग, खग, नभचर, पंछी। |

मुहावरो के अर्थ लिखो (1-20)

| | |
|---|---|
| अंग - अंग ढीला होना | थकान होना |
| अक्ल चकराना | हैरान रह जाना |
| आँख का काँटा | बुरा लगना |
| आँखे टेढ़ी करना | गुस्सा दिखाना |
| आग पर घी डालना | गुस्से को और बढ़ाना |
| इज्जत पर हाथ डालना | बेइज्जत करना |
| ईंट तक बिकवाना | सब कुछ खो देना |
| उंगली उठाना | बुरा लगना |
| उड़ती चिड़िया पहचानना | बहुत चालाक बनना |
| उस्ताद होना | धोखा देना |
| ऋण पटना | कर्ज वसूल होना |
| एक आँख न भाना | बहुत बुरा लगना |
| एड़ी चोटी का जोर लगाना | बहुत कोशिश करना |
| ओंठ फड़कना | गुस्से से ओंठ कांपना |
| कचुमर निकालना | खराब कर देना |
| कलेजा जलाना | दुःख देना |
| कान का कच्चा होना | किसी की बात पर भरोसा करना |
| कौड़ी न पूछना | महत्व न देना |
| खाक उड़ाते फिरना | मारे - मारे फिरना |
| खाने को दौड़ना | बुरा बर्ताव करना |